
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक


मैं हूं ना---

# ए टी एम

## रात-दिन, 7 दिन






अरे काका कहां से आ रहे हो ?
बैंक से, थोड़े से पैसे निकालने थे.
पैसे निकालने के लिए इतनी दूर जाने की क्या आवश्यकता है. मैं तो इतने से काम के लिए कभी बैंक नहीं जाता.
तो क्या किसी को चेक देकर भेजते हो ?
नहीं मैं पैसे एटीएम से निकालता हूं.
एटीएम


एक एटीएम तो मेरे घर के सामने ही है. यह तरीका मुझे भी बताओ.
क्यों नहीं काका, हम कल ही बैंक चलते हैं.
वहां से आप एटीएम कार्ड जारी करवा लेना.
ठीक है.
अगले दिन
जी यह लीजिए आपका एटीएम कार्ड और यह रहा पिन नंबर.


क्या मैं अभी इससे पैसे निकाल सकता हूं?
जी आप इससे २५ घंटे में कभी भी पैसे निकाल सकते हैं.
कार्ड दूसरे दिन एक्टिवेट होगा. फिर आप देशभर में किसी भी एटीएम से पैसे निकाल सकते हैं.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
एटीएम
आपको एटीएम से लेनदेन करने पर मोबाईल पर संदेश भी मिलेगा.
वाह! यह तो बहुत ही बढ़िया है.


आप इससे शॉपिंग के बिलों का भुगतान भी कर सकते हैं.
धन्यवाद.
भुगतान
फिर तो मुझे अधिक नकदी निकालने की भी आवश्यकता नहीं.
जी.
यही नहीं, कार्डधारक को दुर्घटना से मृत्यु होने पर २ लाख का बीमा भी मिलता है एकदम मुफ्त.
वाह!
अच्छा, पर इसका उपयोग कैसे करेंगे?


एटीएम में कार्ड डालने पर वह आपका पिन नंबर मांगेगा.
उसके बाद आपको बटन दबाकर बताना होगा कि कितने पैसे निकालने हैं.
वाह! यह तो बहुत आसान है.
अब मैं बैंक में टोकन लेकर नकदी की लाइन में खड़ा नहीं होऊंगा. सीधा एटीएम पर ही जाऊंगा.
बस काका, अपना कार्ड **संभालकर** और पिन **गोपनीय** रखना.
अवश्य.



तीसरे दिन
ठीक कहते हो काका. मेरा बेटा भी कह रहा था कि इस कार्ड से रेल और हवाई टिकट भी बुक हो जाता है.
मेरी बिटिया तो बिजली-पानी और फोन के बिल भी इसी कार्ड से जमा कराती है, वह भी घर बैठे-बैठे.
आजकल कितनी सुविधा हो गई है. यह छोटा सा कार्ड और कितने सारे काम.
बेटे का फोन है, बेंगलूरू से.
क्या? फीस के लिए पैसे कम पड़ रहे हैं?
आज ही आखिरी तारीख है !!


उफ! समय पर पैसे जमा न हुए तो उसका पूरा साल बर्बाद हो जाएगा.
बैंक और पोस्ट ऑफिस भी बंद हो चुके हैं. हाय! अब क्या होगा?
चिंता न करें, एटीएम है न.
पर उसे पैसे अभी चाहिए, दो घंटे के अंदर-अंदर.
फिक्र नहीं. एटीएम की यूनियन ई कैश सुविधा से आपके बेटे को तुरंत पैसा मिल जाएगा.
सच?


बस, उसके पास एटीएम कार्ड तो है न?
हां हां.
तो देर किस बात की. यूनियन बैंक के एटीएम पर चलो.
आप अन्य के ऑपशन पर जाइये. ई कैश का बटन दबाने पर यह आपका और बेटे का मोबाईल नंबर मांगेगा.
यूनियन बैंक
ऑफ इंडिया
इसके बाद आपके मोबाईल पर एक पिन नंबर आऐगा.
आ गया.


बस, यह नंबर अपने बेटे को भेज दें. इसकी सहायता से वह यूनियन बैंक के किसी भी एटीएम से पैसे निकाल सकता है, तुरंत.
एटीएम
भेज दिया.
धन्यवाद
बेटा, तुमने आज बहुत बड़ी मुसीबत से बचा लिया.
मैंने नहीं, यूनियन बैंक के एटीएम ने.
यह बताओ कि क्या नेत्रहीन भी एटीएम का प्रयोग कर सकते हैं?
क्यों नहीं, काका. देश का पहला बोलने वाला एटीएम यूनियन बैंक ने ही लगाया है.
वाह!


इसे नेत्रहीन भी बड़ी कुशलता से प्रयोग कर सकते हैं.
अच्छा.
वह किस तरह?
इस एटीएम का कीबोर्ड ब्रेल में भी है. इसमें जो भी टाईप किया जाता है वह ईयरफोन के द्वारा सुनाई देता है कि आपने इसे क्या निर्देश दिए हैं और साथ खड़ा व्यक्ति भी कुछ नहीं जान पाता
संपूर्ण एटीएम
यही नहीं चलने फिरने से मजबूर लोग भी पहियेदार कुर्सी के सहारे कुछ चयनित एटीएम में अंदर तक जा सकते हैं.




आलोक भार्गव द्वारा रेखांकित व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया केंद्रीय कार्यालय मुंबई के वैकल्पिक चैनल व नव प्रवर्तन विभाग द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन विभाग के समन्वयन से प्रकाशित